प्रधान मंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वानी) योजना

Prime Minister Wi-Fi Access Network Interface (PM WANI) Scheme

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स ऋषिकेश में मरीजों को अब नेट सुविधा के लिए परेशानी नहीं उठानी पडेगी। मरीजों के हित में संस्थान में प्रधानमन्त्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम वानी) हाई स्पीड इंटरनेट सेवा शुरू कर दी गयी है। खास बात यह है कि यह सुविधा मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध होगी और सम्पूर्ण ओपीडी व आईपीडी एरिया में यह वाई-फाई नेटवर्क कार्य करेगा।

प्रधानमन्त्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस की सुविधा से अब एम्स ऋषिकेश का कैम्पस भी आच्छादित हो गया है। केन्द्र सरकार की हाई स्पीड इंटरनेट सेवाओं को प्रदान करने वाली इस योजना के शुरू हो जाने से उन मरीजों को विशेष लाभ होगा जिनके मोबाईल में नेट उपलब्ध न होने अथवा नेट रिचार्ज समाप्त हो जाने के कारण पंजीकरण करवाने, मोबाईल से अन्य आवश्यक दस्तावेज डाउनलोड करने और डाटा निकालने में परेशानी उठानी पड़ती थी।

संस्थान के मेडिकल ब्लाॅक में पीएम वानी हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा के उद्घाटन के दौरान एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो0 (डा0) मीनू सिंह ने कहा कि इस सुविधा के शुरू हो जाने से मरीजों को एम्स कैम्पस में चैबीसों घन्टे वाई-फाई कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हाई स्पीड की इस इंटरनेट सुविधा से मरीजों को अपना पंजीकरण करवाने, विभिन्न जांच रिपोर्टों और इलाज से सम्बन्धित अन्य डाटा को शीघ्र डाउनलोड करने सहित मोबाईल डाटा से सम्बन्धित अन्य मामलों में कनेक्टिविटी का सीधा लाभ प्राप्त हो सकेगा। डाॅ0 मीनू सिंह ने बताया कि शुरूआती चरण में निःशुल्क नेटवर्क सेवा की यह सुविधा अस्पताल के ओपीडी एरिया और आईपीडी एरिया में प्रदान की गयी है। बाद में इस सुविधा से संस्थान के अन्य एरिया को भी जोड़ा जाएगा।

इस मौके पर दूर संचार विभाग मेरठ मंडल के वरिष्ठ उप महानिदेशक देव कुमार चक्रवर्ती ने पीएम वानी वाई-फाई नेटवर्क सुविधा की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की उच्च गति की यह इंटरनेट सुविधा विशेष तौर से भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सघन आबादी वाले क्षेत्रों और कमजोर नेटवर्क वाले स्थानों के लिए बहु लाभकारी है। उन्होंने कहा कि एम्स में दैनिक तौर पर बड़ी संख्या में मरीजों का आना-जाना लगा रहता है।

कार्यक्रम के दौरान डीन एकेडेमिक प्रो0 जया चतुर्वेदी, एम्स के उप निदेशक प्रशासन ले0 कर्नल ए0 आर0 मुखर्जी, दूर संचार विभाग मेरठ क्षेत्र के निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता, उप निदेशक (शिकायत प्रकोष्ठ) कमल भगत, शिवांश इन्फोटेक प्राईवेट लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक गौरव शर्मा, एम्स ऋषिकेश के चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 संजीव कुमार मित्तल, वित्तीय सलाहकार ले0 कर्नल सिद्धार्थ, विधि अधिकारी प्रदीप चन्द्र पाण्डेय और एम्स के आईटी सेल के प्रभारी अधिकारी तथा पीपीएस विनीत कुमार सहित संस्थान के कई अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

PM-WANI WIFI
अब पहुंचेगा हर गांव - हर नगर आप सभी के घर.....
Service Provider : Shivansh Infotech Pvt. Ltd.
M- 9456104696, 7042486060, 7836908888
www.bharatwifi.co.in

All INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RISHIKESH
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
PM-WANI WIFI
Free wifi

Inauguration
ATMANIRBHAR BHARAT KI AUR
ek aur Kadam
PM – WANI